






## एक नजर में

### आज अष्टभुजा मोठी माता के साथ विराजेंगे भैरुजी और गणेशजी

**खरगोन।** समीपस्थ ग्राम मगरिया स्थित बैड़ीपुरा के प्राचीन मोठीमाता मंदिर जीर्णोद्धार के बाद प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हुई। महोत्सव के मुख्य यजमान संजय शर्मा ने बताया कि गांव में एक छोटी सी डेरी नुमा मंदिर में माताजी विराजित थी, जिसे भव्य मंदिर में विराजित करने की कल्पना गांव की मंजू पाटीदार, ममता कुशवाह, कृष्णा कुशवाह, लीला चौहान ने करते हुए निर्माण का संकल्प लिया। इस संकल्प की जानकारी मिलने पर चार खेत पड़ोसी संजय शर्मा, राजेंद्र कुशवाह, सतीष कुशवाह, दीपक पाटीदार ने महिलाओं के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग दिया, जिसके चलते आज प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हुई है। यहां शर्मा परिवार की ओर से अष्टभुजाधारी मोठी माता की करीब 3 फीट ऊंची संगमरमर की मनोहारी प्रतिमा के साथ ही भैरूजी और गणेशजी की प्रतिमाएं विराजित कराई जा रही है। रविवार को आचार्य सचिन शर्मा, अर्पित शर्मा, गोपाल बिल्लौरे के आचार्यत्व में गृहशांति हवन कराया गया। जिसमें मुख्य यममान संजय- सरला शर्मा, दीपक- सारिका, शुभम- संध्या कुशवाह और राहुल- मनीषा चौहान ने आहुतियां डाली। कलश यात्रा की शुरुआत ग्राम के हनुमान मंदिर से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में नन्हीं बालिकाओं ने शामिल होकर कलश शिरोधार्य कर यात्रा की शुरुआत की। कलष में गांव के कुएं का जल लेकर बालिकाएं निकली। कलष यात्रा में शामिल महिलाओं-युवतियों ने माता की भक्ति में लीन होकर गरबा नृत्य भी किया। कलश यात्रा का रास्तेभर पुष्पवर्षा से स्वागत- सत्कार भी हुआ। ढोल-तांशों और जयकारों के साथ कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न मंदिरों में दर्शन करते हुए आयोजन स्थल पहुंची। यहां विद्वान पंडितों ने जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, मिष्ठान्नवास, पुष्पाधिवास, पत्राधिवास और श्यनाधिवास जैसे अनुष्ठान संपन्न कराए। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को प्रतिमा स्थापना के बाद सुबह अभिषेक, हवन पुर्णाहुति के बाद कन्याभोज कर महोत्सव का समापन होगा। आयोजन के दौरान सरपंच ममता सुमेरसिंह सहित ग्रामीणजन शामिल रहे।



### आज रेलवे मंत्रालय के सामने करेंगे क्रमिक धरना प्रदर्शन



**खरगोन।** रविवार को ताप्ती रेलवे लाइन समिति ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें वर्षों से चली आ रही रेल की मांग को पूरा करने के लिए जन आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया गया। समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री ने फाईनल सर्वे के लिए 6 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि जुलाई 2024 के बजट में स्वीकृत की थी। 6 मार्च से इसका सर्वे कार्य भी जोरशोर से शुरु हुआ, लेकिन अब महज 10 प्रतिशत सर्वे कार्य धार जिले में अटक जाने से योजना की राह में अड़ंगा डाला जा रहा है। यदि 30 अक्टूबर तक सर्वे पूरा कर डीपीआर तैयार नही की गई तो अब यह जिले, प्रदेश नही बल्कि देश की राजधानी में आंदोलन होगा। 10 नवंबर से रेलवे मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने धरना, क्रमिक भूख हड़ताल, पुतला दहन जैसे सहित आमरण अनशन जैसे आंदोलन को बाध्य होंगे। नगर अध्यक्ष अनिल रघुवंशी ने सम्मेलन में लोगों की उपस्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि रेल किसी एक व्यक्ति के लिए नही बल्कि पूरे जिले, निमाड़वासियों के लिए मांगी जा रही है, इस मांग में सभी की सहभागिता जरुरी है। कार्यक्रम संयोजक भागीरथ कुमरावत ने बताया रेल की मांग को लेकर जन आंदोलन खड़ा करने के लिए गत दिनों संकल्प पत्र भी भरवाए गए थे। यह संकल्प पत्र हमारी मांग को बल देने का काम करेगा, क्योंकि संकल्प की शक्ति से बड़े से बड़ा काम आसान हो जाता है। सम्मेलन में प्रबुद्धजन, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शहरवासी उपस्थित थे। समापन पर श्याम पांडे ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम प्रस्तुत किया। आभार प्रकाश राठौर ने माना। समिति के नरेंद्र चावला, दशरथ सिंह यादव, पुष्पा पटेल, गिरीश उपाध्याय सहित प्रबुद्धजन, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शहरवासी उपस्थित थे।

### बेटे की तस्वीर लिए मांगा न्याय, महाराष्ट्र शिरपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज होस्टल में छात्र अथर्व पुरोहित की संदेहास्पद मौत का मामला



**खरगोन।** महाराष्ट्र के शिरपुर स्थित इंजिनियरिंग कॉलेज एनएमआईएमएस के होस्टल में शहर निवासी 20 वर्षीय अथर्व पुरोहित की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तुल पकड़ा है। करीब दो माह पहले हुई मौत मामले में रविवार को परिजनों ने एसडीएम से मुलाकात कर शिरपुर जिला धुलिया पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नही करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की सीबीआई जांच की मांग की। अथर्व की मां ने हाथों में अपने बेटे की तस्वीर लिए, न्याय की गुहार लगाई। परिजनों ने राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर संदेहास्पद मौत की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसाइटी के पूर्व चेयरमेन आशुतोष पुरोहित ने बताया की मेरे भतीजे अथर्व पुरोहित पिता अमिय पुरोहित निवासी 12 रविन्द्र नगर नगर खरगोन की 14 सितम्बर को महाराष्ट्र शिरपुर जिला धुलिया स्थित एनएमआईएमएस कॉलेज के होस्टल के रूम में शाम को संदेहास्पद मौत हो गई थी। मर्ग की कापी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य कोई भी दस्तावेज नहीं दिये गये है। परिवार ने आरोप लगाया कि अथर्व की मौत के बाद भौतिक और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को नष्ट, क्षतिग्रस्त किया गया। सुसाइड नोट भी हटाया गया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट है की करीब 10 से 20 मिनट तक हॉस्टल स्टाफ के लोग होस्टल रूम में ही रहे। साक्ष्य नष्ट करने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस के माध्यम से कई तथ्यो को दबाकर दबाब में पुलिस अपने हिसाब से बयान लेकर कहानी बना रही है। दोनो पुलिस अधिकारियों के मोबाइल की जॉच गोपनीयता से कराई जाए।

### संबल हितग्रही योजना की सहायता

**गोगावा।** मुख्यमंत्री संबल योजना अन्तर्गत जनपद पंचायत भीकनगांव की ग्रम पंचायत रहगांव मे संबल हितग्रही महादेव कर्मा की मृत्यु होने पर उनके परिजन को सरपंच प्रतिनिधि राजू यादव एवं उपसरपंच सुभाष यादव व्दारा अन्तेयष्टि राशि 5000 रूपये नगद प्रदान की गई। पंचायत सचिव प्रवीण तोमर ने नवभारत को बताया की अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख का प्रकरण तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है।



# राजमार्ग एवं बिजली की समस्या को लेकर सनावद में चक्काजाम

## निर्माण अनियमितता व बिजली कटौती से क्षुब्ध ग्रामीणों ने रोका मार्ग, प्रशासन ने सात दिन में सुधार का आश्वासन दिया

संजय पाटीदार





**सनावद।** इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग पर सड़क निर्माण में अनियमितता एवं बार-बार बिजली कटौती से त्रस्त बांसवाड़ा व आसपास के ग्रामीणों ने सोमवार सुबह दस बजे चक्का जाम कर दिया। लगभग चार घंटे तक चले इस जाम से यातायात ठप रहा, जिससे अंतिम संस्कार, अस्पताल व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जा रहे यात्रियों को भारी परेशानी हुई। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद जाम समाप्त हुआ तथा संबंधित विभागों ने सात दिन में सुधार का आश्वासन दिया।

**निर्माण कंपनी व विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप:-** ग्रामीणों का कहना था कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा, जिससे मार्ग की स्थिति दयनीय हो गई है। साथ ही विद्युत विभाग के क्षतिग्रस्त तारों के कारण बार-बार बिजली गुल हो रही है, जिससे मवेशियों की मौत तक हो चुकी है। हमारे बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत, किसानों को सिंचाई में परेशानी और पशुओं को गर्मी से जान गंवानी पड़ रही है, ग्रामीणों ने बताया।

**यात्रियों की व्यथा:-** अंतिम यात्रा में देरी: कई यात्री शव यात्रा में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन जाम के कारण समय पर नहीं पहुंच सके। चिकित्सा आपातकाल: गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने में बाधा। दैनिक यातायात: इंदौर, खरगोन व धार की ओर जाने वाले वाहन घंटों फंसे रहे।

**प्रशासन की त्वरित कार्रवाई:-** जाम की सूचना मिलते ही सनावद थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर व राजस्व टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीएम सत्यनारायण दरू ने ग्रामीणों से वार्ता की और पेच वर्क की जानकारी दी। विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री देशपांडे ने भी मौके पर पहुंचकर तत्काल तार सुधार का आश्वासन दिया।

**मुख्य आश्वासन:-** सड़क में तत्काल पैचवर्क। क्षतिग्रस्त तारों का सुधार। सात दिन में स्थायी समाधान। जाम दोपहर दो बजे के करीब समाप्त हुआ। प्रशासन ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि शिकायतों का समयबद्ध निपटारा किया जाएगा।

# कलेक्टर ने की जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कार्यों की समीक्षा

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न कार्यों की जनपदवार समीक्षा की और निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण हुई योजनाओं को जानकारी प्राप्त की, जिनका हस्तांतरण किया जाना शेष हैं। उन्होंने ऐसी योजनाओं के कांट्रेक्टर को लीकेज ठीक करने, स्टैंड पोस्ट लगाने, सीसी रोड मरम्मत कर ट्रायल रन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे हस्तांतरण की कार्यवाही पूरी की जा सके। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसी सभी योजनाओं में नलकूप खनन, केसिंग, पाइप लाइन डालने के कार्य, बाउंड्री वाल निर्माण, पानी की टंकी और निर्मल नीर शुरू करने जैसे कार्य अगले माह तक पूरे हो जाने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि मिशन के अंतर्गत प्रमाणीकरण के लिए शेष योजनाओं में भी प्रगति लाई जाए,ए विशेषकर झिरन्या और बड़वाह जनपद में जहां प्रमाणीकरण सर्वाधिक संख्या में लंबित हैं। उन्होंने सभी जनपद में कूप निर्माण और कूप बंधाई के कार्यों की भौतिक स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों में वन अनुमति और विद्युत लाइन बिछाने के लिए अंतर.विभागीय समन्वय के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वसहायता समूहों द्वारा जलकर वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कॉन्ट्रैक्टर्स ने उनकी भुगतान की समस्या और अन्य कठिनाइयों से कलेक्टर को अवगत कराया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, सहायक कलेक्टर जामदार फरहान इरफान समस्त जनपद पंचायत सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, एमपीईबी और जल निगम के अधिकारी एवं कांट्रेक्टर उपस्थित थे।



## भाजपा मंडल कार्यशाला में एसआईआर पर दिया मार्गदर्शन

**खरगोन।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर जिलेभर में भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यशालाएं हो रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे भी निरंतर कार्यशालाओं में पहुंचकर कार्यकर्ता, पदाधिकारी व बीएलए-2 को मार्गदर्शन दे रही है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र के आभापुरी व भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र कबसिरवेल महादेव मंडल की कार्यशालाओं में भाग लेकर एसआईआर से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। इसी प्रकार भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के बिस्टान मंडल की एसआईआर कार्यशाला अनकवाड़ी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने उपस्थित कार्यकर्ता, पदाधिकारी व बीएलए-2 को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुगनकौर जाधव, मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष डेमसिंह नार्वे, पूर्व जिला मंत्री रंगा डावर, वरिष्ठ नेता मनोरमा दीक्षित, ओमप्रकाश तिवारी, गोरेलाल सोलंकी, आनंदराम यादव, जयंतीलाल जायसवाल, प्रेमलाल मोरे, लखन पाटिल, राजेश पंवार, अमित पवार, अमरसिंह वास्कले, रवि मोरे, भागवती कुशवाह, गायत्री गुप्ता, भाईराम अलावे, काशीराम बामने, गोरेलाल पटेल गढ़ी, भारत डुडवे, प्रियांशु गुप्ता, कमलेश राठौर, राहुल राठौर आदि उपस्थित थे। खरगोन विधानसभा क्षेत्र के खरगोन नगर पूर्वी मंडल की कार्यशाला जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान, पूर्व माशिमं उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, विधानसभा संयोजक कन्हैया कोठाने, मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, नपाध्यक्ष छाया जोशी, वरिष्ठ नेता शंभुसिंह मनहर, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. काशीराम शर्मा, चन्द्रशेखर भालसे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतल राठौर, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक गजेन्द्र भावसार, पार्षद राजेश रावत, धीरेंद्र चौहान, दिनेश पाटीदार, बेबीबाई मंडलोई, भागीरथ बडोले, नगर मण्डल उपाध्यक्ष वीना जायसवाल, महिला मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री दर्शन मोयदे, बनगर, मण्डल मंत्री पूजा वोरे, नगर मंडल सह कार्यालय मंत्री ज्योति वर्मा, पूर्वा व्यास, मिनाक्षी मुछाल, लोकेश भावसार, राकेश चौहान, पंकज परिहार, राजेन्द्र मंडलोई, भगवान प्रजापत, सुमित श्रीमाली, प्रदीप वर्मा, राघवेन्द्र आचार्य, हिमांशु ठाकुर, राजेन्द्र मकवाना, डॉ. दिनेश रघुवंशी, जितेन्द्र त्रिपाठी, अमित मोर्य, विजय मोरे अरविंद जोशी, भुषण डिडोरकर, सुरेश पाटीदार, सत्येंद्र टोपी, करण आदि बुथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए-2, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यशाला में राष्ट्रगीत वंदे मातरम... की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम का सामूहिक गान भी हुआ।




# जिले के 6 ग्रामों का मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत चयन







**खरगोन।** मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत जिले की प्रत्येक विधानसभा से एक ग्राम का चयन किया गया है। खरगोन से टेमला, महेश्वर से चोली, बड़वाह से बेड़िया, भगवानपुरा से सेगांव, भीकनगांव से सेल्दा और कसरावद से बोरावा का वृन्दावन ग्राम के रूप में चयन किया गया है। वर्तमान न्यूनतम जनसंख्या 2000 और गौवंश की न्यूनतम संख्या 500 के मापदंड के आधार पर इन ग्रामों का चयन किया गया है। योजना का उद्देश्य है कि चयनित ग्रामों में गौपालन और दुग्ध उत्पादन, प्राकृतिक कृषि, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, अधोसंरचना विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देकर इन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री आकाश सिंह ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक में जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर चयनित वृन्दावन ग्रामों में उपलब्ध संसाधनों का चिन्हांकन और पांच वर्षीय विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस प्रक्रिया में ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियो से परामर्श किया जाए। सीईओ श्री सिंह ने कहा कि अनुमोदन के लिए प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष विजन डाक्यूमेंट की 15 दिसंबर तक प्रस्तुति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित लाइन विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकासखंड स्तरीय अधिकारी विजन डाक्यूमेंट तैयार करने में जनपद पंचायतों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने जिला अधिकारियों को विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों की विस्तृत जांच करने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री राजेश शाक्य ने बताया कि चयनित वृन्दावन ग्रामों में गौशाला, पशु चिकित्सालय, बायोगैस संयंत्र, दुग्ध कलेक्शन सेंटर, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, गौसमाधि स्थल जैसी अधोसंरचनाओ को विजन डाक्यूमेंट में शामिल किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती, ग्रामीण पर्यटन, लघु वनोपज उद्योग, फलोद्यान और कौशल आधारित आजीविका संबंधी प्रस्ताव, सामुदायिक अधोसंरचना विकास, जल संचयन संरचनाओ को भी विजन डाक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाए। श्री शाक्य ने बताया कि 50 लाख रुपए तक की लागत के कार्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी और इससे अधिक लागत के कार्य जिला कलेक्टर द्वारा स्वीकृत किया जाएंगे। बैठक में पशुपालन, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, महिला बाल विकास, खाद्य, उद्यानिकी, जल संसाधन, उद्योग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सड़क विकास प्राधिकरण, खादी ग्रामोद्योग, आरसेटी के अधिकारी और लीड बैंक मैनेजर उपस्थित थे।

## भीकनगांव में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन



**भीकनगांव।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जिला खरगोन के मार्गदर्शन में भीकनगांव में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से निर्मित व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती आकांक्षा करोठिया द्वारा बताया गया कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान से भरा है। यह समाज प्रकृति के प्रति गहरा सम्मान रखता है। इसने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया है और कला, शिल्प तथा लोकगीतों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्रह्मणे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री दिनेश जायसवाल, निर्माण समिति अध्यक्ष श्री शांतिलाल मूकाती, तहसीलदार श्री रवींद्र चौहान, परियोजना अधिकारी श्री राजेश केरावत भी उपस्थित थे।

**एक नजर में** — **अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन**

# भीकनगांव में कवि सम्मेलन में रात भर काव्य रस में डूबे रहे श्रोता

अरविंद जैन

**भीकनगाँव।** सारा जग है प्रेरणा, प्रभाव सिर्फ राम है... भाव सूचिया बहुत है, भाव सिर्फ राम है.... उक्त गीत ज़ब प्रसिद्ध गीतकार ने तहसील पत्रकार संघ भीकनगाँव द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पढ़ी तो सारे काव्य प्रेमी आत्मविभोर हो गए। शनिवार को भीकनगाँव में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा काव्य पाठ का सिलसिला लगभग रात 10 बजे शुरू हुआ जो सुबह 4.30 बजे तक अनवरत जारी रहा। कवि सम्मेलन में अतिथि के रूप में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा विजय महाजन, जनपद अध्यक्ष सरदार रावत, उपाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, झिरन्या जनपद उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष अखिलेश भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार मनोज रघुवंशी, पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष अनिल पटेल, कसरावद विधायक प्रतिनिधि संजय पटेल मौजूद रहे। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ माँ सरस्वती का पूजन व दीप प्रवलन के साथ हुआ।






**क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यंग्यकार मुकेश राठौड़ को किया सम्मानित:-** तहसील पत्रकार संघ द्वारा कार्यक्रम में साहित्यिक जगत के पटल पर क्षेत्र की पताका लहराने वाले भीकनगाँव के ग्राम गोराड़िया निवासी शिक्षक प्रसिद्ध व्यंग्यकार श्री मुकेश राठौड़ को सम्मानित किया गया। इसी के साथ भीकनगाँव में पत्रकारिता के स्तम्भ रहे वरिष्ठ पत्रकार नर्मदा प्रसाद शर्मा, विनोद जैन, सुनील गंगराड़े, अरविंद जैन, निशाद सिंह चौहान, उमाकांत शर्मा, दिलीप जोशी, अरुण राठौड़, देवेंद्र गुप्ता, मनीष कानूनगो सहित वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसील पत्रकार संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

**हास्य, श्रंगार व वीर रस की रचनाओं ने श्रोताओं को मोहा मन:-** कवि पाठ की शुरुवात वीर रस के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि अपूर्व विक्रम शाह की वेद लिखें पुराण लिखें, शांति का पैगाम लिखा है, ऋषियों के ज़ब नाम लिखें तो पहले अब्दुल कलाम लिखा कविता ने श्रोताओं में जोश का संचार कर दिया। श्रंगार की कवयित्री सुमित्रा सरल ने मैं छत पर शाम को अपना कन्हैया देख आती हूँ... से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। प्रसिद्ध गीतकार प्रियांशु गजेंद्र ने अपने गीत जैसे तैसे उमर बिता ली... मैंने तेरे प्यार में... से श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध हास्य कवि जानी बैरागी ने अपनी अलग अंदाज व मस्ती भरी बातो से दर्शकों को खूब हसाया।